मुख्यमंत्री ने रेलवे ओवर ब्रिज का किया लोकार्पण

चर्चा में क्यों?

15 दिसंबर, 2022 को मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने प्रदेशव्यापी भेंट-मुलाकात कार्यक्रम के दौरान महासमुंद ज़िले में महासमुंद-तुमगाँव रोड के रेलवे ओवर ब्रिज का लोकार्पण किया।

प्रमुख बिंदु

- बहुप्रतीक्षित तुमगाँव ओवरब्रिज के बन जाने से शहर-वासियों को लगातार लगने वाले ट्रैफिक जाम व आने जाने में होने वाली दिक्कतों से छुटकारा मिल जाएगा।
- ज़िले की जनता खासकर तुमगाँव और महासमुंद की ओर से रोज आने-जाने वाली जनता को सरल, सुगम मार्ग मिलेगा। वर्तमान में रेलवे फाटक बंद होने के कारण जाम की स्थिति बन जाती थी। रेलवे ओवरब्रिज बन जाने से उन्हें इससे निजात मिलेगी और समय की भी बचत होगी।
- गौरतलब है कि तुमगाँव रेलवे ओवरब्रिज बन जाने से महासमुंद की लगभग 35 हज़ार से ज्यादा की आबादी को सुविधा मिलेगी।
- ओवरब्रिज की कुल लंबाई 616 मीटर एवं चौड़ाई 15 मीटर है। रेलवे क्रॉसिंग से महासमुंद की ओर 294 मीटर एवं तुमगाँव की ओर 248 मीटर एवं रेलवे क्रॉसिंग की लंबाई 74 मीटर है।
- इसके अलावा महासमुंद ज़िले में मुख्यमंत्री ने भेंट-मुलाकात के दौरान पटेवा और तुमगाँव में स्वामी आत्मानंद इंग्लिश मीडियम स्कूल खोलने, तुमगाँव में तहसील की स्थापना करने सहित कई अन्य घोषणाएँ भी की।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/chief-minister-inaugurated-the-railway-over-bridge